
Date

Bhiwani Bhaskar, 19 Nov 2021



भिवानी. राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला उद्यमिता विषय पर विस्तार व्याख्यान में मौजूद छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

# विस्तार व्याख्यान में महिला उद्यमिता विषय पर छात्राओं को दी जानकारी

**भास्कर न्यूज़|भिवानी**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में उप-प्राचार्या प्रो. सुनीता महता की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला शक्ति दिवस के अवसर पर महिला उद्यमिता विषय पर विस्तार व्याख्यान किया गया।

महिला प्रकोष्ठ के सदस्य प्रो. मंजीत, प्रो.शालु व प्रो.भामा के निर्देशन में भाषण की व्यवस्था की गई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रुचि शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को आर्थिक स्वावलंबन के लिए मार्गदर्शन दिया ताकि व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ राष्ट्र को भी विकास के सोपान दे सकें। व्यापार के स्थापन से लेकर विकसित स्तर तक ले जाने के लिए वांछित सावधानियों के विषय में विस्तार से समझाया। प्रो. सुनीता महता ने वक्ता डॉ.रुचि शर्मा का अभिनंदन किया तथा महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों की तत्परता व छात्राओं के अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय व सहकारिता स्तर पर महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए दी जाने वाली सुविधाओं व सुअवसरों का पर्याप्त लाभ उठाने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर प्रो. स्वर्ण चंद, प्रो. अनिता बिबयान, प्रो. सुमन व प्रो. रीटा आदि मौजूद रहे।

DELTA Page No.
Date / /

Bhiwani Jagran, 28 NOV 2021

## व्याख्यान में समझाया स्वास्थ्य का महत्व

भिवानी : राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में हुए कार्यक्रम में स्वास्थ्य सुधार पर व्याख्यान कार्यक्रम में स्वस्थ्य को उत्तम बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुधीर शर्मा ने की। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हुआ और निर्देशन समन्विका प्रो. जया का रहा। मुख्य वक्ता के रूप में डा. मदन मानव ने शिरकत कर अच्छे स्वास्थ्य के लिए कब, क्या और कौन सा भोजन लेना चाहिए विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने बड़े ही धैर्य के साथ सभी शंकाओं का निवारण भी किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य सुधीर शर्मा ने महिला प्रकोष्ठ व छात्राओं का आभार व्यक्त किया। जीवन में स्वास्थ्य रक्षा के लिए सजग रहने और मौसम अनुकूल भोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अनीता बिबयान ने मुख्य वक्ता व छात्राओं का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डा. भामा ने किया। इस अवसर प्रो. सुनीता महता, प्रो.स्वर्णचंद, प्रो.अनिता बिबयान, प्रो. सुमन सहित समस्त महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा। (जासं)

**कार्यक्रम**


नारी में काव्य विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

# राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय के कार्यक्रम में यशकीर्ति के गीतों की रही बहार

## सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य सुधीर शर्मा की अध्यक्षता तथा महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रभारी प्रो जया के कुशल निर्देशन में नारी एक रूप अनेक शीर्षक के तहत पाक्षिक कार्यक्रम के चौथे दिन नारी में काव्य विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विकास यशकीर्ति ने शिरकत की। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकवृंद के सानिध्य में ज्ञान व संगीत की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बताया कि नारी के हर स्वरूप में, चाहे वो मां के आंचल में तुतलाती है या सखियों संग गुड़िया खेलती है या बड़े प्रेम परिवार को खाना खिलाती है, यहां तक उसकी नाराजगी में भी कविता मौजूद होती है बस जरूरत है अहसास समझने वाले एक भावुक मन की। उन्होंने इसी प्रकार के नारी जीवन से जुड़े पहलुओं पर रची अनेक रचनाओं को बड़ी मधुरता से प्रकट कर वो समां बांधा कि हर हृदय भावुक हो उठा। सारा समय सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। उन्होंने छात्राओं की स्वरचित रचनाओं सुनकर श्रेष्ठ काव्य रचना के सूत्र भी समझाए। अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए प्राचार्य सुधीर शर्मा ने मुख्य अतिथि का अभिनन्दन करते हुए महिला प्रकोष्ठ के प्रयास तथा छात्राओं के अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और नारी को संस्कृति का आधार बताते हुए कहा कि सृजन व जीवन भरने का दायित्व केवल महिला के माध्यम से ही संभव है। प्रो अनीता मिलयान ने मुख्य अतिथि के सम्मान में एक मधुर गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन छात्रा कविता व सुमन ने किया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य प्रो भामा ने मुख्य अतिथि, मीडिया सदस्यों व छात्राओं का आभार जताया। इस अवसर पर प्रो सुनीता मेहता, प्रो परमानंद, प्रो उषा, प्रो शालू, प्रो मनजीत, प्रो सुमित्रा आदि मौजूद रहे।



भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यशकीर्ति। फोटो हरिभूमि

# संक्षिप्त समाचार

# राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ का पारितोषिक वितरण समारोह

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य सुधीर शर्मा की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रभारी प्रो.जया के कुशल नेतृत्व में 'नारी एक: रूप अनेक' पाक्षिक कार्यक्रम के प्रथम सप्ताह में आयोजित साहित्यिक प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया ।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य सुधीर शर्मा ने महिला प्रकोष्ठ व छात्राओं को बधाई प्रेषित करते हुए समाज निर्माण, संस्कार स्थापन तथा राष्ट्रभक्त व्यक्तित्व निमार्ण में नारी की भूमिका को स्मरण कर उसकी भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि मानव संस्कृति व सभ्यता के विकास में आद्योपांत नारी सदैव उपस्थित रही है।विशेषत: जो मोबाइल का दौर है,इसमें चरित्र निर्माण के प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता है क्योंकि इसमें फिसलन की संभावनाएं अधिक है इसके विपरीत उत्तम चरित्र के बल पर ही समग्र विकास संभव है।इस संदेश के साथ उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। हिन्दी कविता पाठ में सुगम ने प्रथम,मोनिका ने द्वितीय तथा प्रिया ने तृतीय स्थान ,अंग्रेज़ी कविता पाठ में वैष्णवी ने प्रथम, स्वीटी ने द्वितीय,ग़ज़ल प्रस्तुति में शबनम ने प्रथम,प्रीति ने द्वितीय, संस्कृत श्लोकोच्चारण में अंजलि ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय तथा कोमल ने तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार प्राप्त किया।विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित महिलाओं से संबंधित प्रश्नोत्तरी में भावना और सीमा ने प्रथम,हिमांशी ने द्वितीय तथा प्रियंका(बी.एस.सी)और प्रियंका (बी.ए.)ने तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार पाया। स्लोगन लेखन में आशी को प्रथम, [illegible] को द्वितीय तथा प्रियंका को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। पोस्टर मेकिंग में [illegible] को प्रथम, दिव्या को द्वितीय तथा कशिश को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन डॉ.सुमित्रा ने किया। आभार प्रो.जया ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. सुनीता मेहता, प्रो.शालू, प्रो.भामा, प्रो.सुशीला आदि मौजूद रहे।



**1 Jan Dainik Chetn...**

# रा. गां. रा. महिला महाविद्यालय में प्रतिभा खोज संपन्न



चेतना संवाददाता।
भिवानी।

स्थानीय हांसी रोड स्थित राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य सुधीर शर्मा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा खोज उत्सव प्रो.अनिता बिबयान और प्रो.अनिता शर्मा के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का दूसरा दिन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ पुरस्कार वितरण के नाम रहा।मुख्य अतिथि के रूप में एक संपूर्ण नारीत्व की मूर्ति श्रीमती सुमन शर्मा ने शिरकत की।उत्सव का आगाज़ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों के सांनिध्य में मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन शर्मा व अध्यक्ष प्रो.सुधीर शर्मा ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया।प्रो.अनिता बिबयान ने मुख्य अतिथि का परिचय समस्त महाविद्यालय परिवार को देकर उनका अभिनंदन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य अभिनंदन करते हुए सांस्कृतिक व महिला प्रकोष्ठ के प्रभारीद्वय सहित समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया।उन्होंने समझाया कि छात्राएं भावी नारीत्व के कारण सृष्टि की धुरी होती हैं।अत: आज वैश्विक महामारी के दौर में सावधानियों के साथ पूर्णता की ओर बढ़ने के लिए अपनी-अपनी प्रतिभा को निखारकर सिद्ध करने के हर अवसर के प्रति सजग बने रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने समझाया कि सृष्टिकर्ता ने हर जीव को विशेष प्रतिभा के साथ उत्पन्न किया है, यह दो दिवसीय प्रतिभा खोज उत्सव निश्चित रूप से छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण दायित्व पूर्ण करेगा।उन्होंने हर प्रतिभागी को सुखद और उज्ज्वल प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि के सांनिध्य में विजेताओं को पुरस्कृत व सम्मानित किया। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोकगीतों, फिल्मी गीतों और पाश्चात्य धुनों की धूम रही।एकल, युगल और समूह नृत्यों ने ऐसा समां बांधा कि सभागार पूरा समय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।समूचे भारत की लोक संस्कृति को प्रकट करती प्रस्तुतियों ने निर्णायक मंडल को उलझन में डाल दिया।निर्णायक मंडल में प्रो.आशा, प्रो.सुशीला व प्रो. मीनाक्षी शामिल रहे।इस अवसर पर प्रो.स्वर्णचंद, प्रो.रेखा, प्रो. ईशा, प्रो.परमानंद, प्रो.नरेंद्र, प्रो. ज्योति, प्रो. प्रेमप्रकाश, प्रो. राजेश, प्रो.सतविंद्र , प्रो. कविता, प्रो.नवनीत, प्रो.सुमन, प्रो.मंजु सहित समस्त महाविद्यालय

DELTA Page No.
Date

# परीक्षा से होने वाले तनाव के मनोवैज्ञानिक कारणों के बारे में छात्राओं को किया जागरूक

भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार के निर्देशानुसार सोमवार को महिला प्रकोष्ठ द्वारा विस्तार व्याखान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.पंकज शर्मा ने छात्राओं को परीक्षा से होने वाले तनाव के मनोवैज्ञानिक कारणो के बारे में और तनाव को दूर कैसे किया जाए, इसके बारे में विचार सांझा किए। इसके साथ ही उन्होंने सकारात्मक विचार, योगा और प्रकृति के साथ हम सभी का जुड़ाव और लगाव किस तरीके से सम्भव हो सकता है, पर छात्राओं को अवगत करवाया। उन्होंने प्रेरणात्मक विडिओ के माध्यम से भी छात्राओं को प्रेरित किया कि हमें जीवन में किसी भी परिस्थिति हार नहीं माननी चाहिए। छात्राओं ने भी विस्तार व्याखान में अपने विचार रखे और तनावमुक्त परीक्षा देने का संकल्प लिया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. अनिता शर्मा ने भी छात्राओं को तनावमुक्त रहने को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. स्वर्णचंद ,डॉ.परमानन्द ,प्रो. ईशा चौधरी, प्रो. सुमन , प्रो. सीमा आदि उपस्थित रहे।

HB


Anil
27/01/22

# सात दिवसीय पाककला कार्यशाला का शुभारंभ


भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा सात दिवसीय पाककला-कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के पहले दिन कार्यकारी प्राचार्या प्रो. सुनीता मेहता की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. अनीता शर्मा के निर्देशन में ,एनडी. हॉबी सेंटर की मैनेजिंग डायरक्टर निर्मला जैन ने छात्राओं को फ्रूट क्रीम व नारियल के लड्डू बनाने सिखाए। इस अवसर पर प्रो. अनीता बिबयान, प्रो. ईशा चौधरी, प्रो. परमानंद, प्रो. आशा. प्रो. दीपक, प्रो. धर्मपाल, प्रो. सरोज आदि उपस्थित थे।

# पाककला-कार्यशाला का किया गया शुभारंभ

मुकेश कुमार (हिन्द जनपथ) भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय पाककला-कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के पहले दिन कार्यकारी प्राचार्या प्रो0 सुनीता मेहता की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो0 अनीता शर्मा के निर्देशन में एन.डी. हॉबी सेंटर की मैनेजिंग डायरेक्टर निर्मला जैन ने छात्राओं को फ्रूट क्रीम व नारियल के लड्डू बनाने सिखाए। महाविद्यालय की लगभग 80 छात्राओं ने इस कार्यशाला में पाककला सम्बनधित जानकारी भी प्राप्त की। मिडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि इस अवसर पर प्रो0 अनीता बिबयान, प्रो0 ईशा चौधरी, प्रो0 परमानंद, प्रो0 आशा. प्रो0 दीपक, प्रो0 धर्मपाल, प्रो0 सरोज आदि उपसथित थे।




# सात दिवसीय पाक कला कार्यशाला शुरू





भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय पाक कला कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के पहले दिन कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सुनीता मेहता की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. अनीता शर्मा के निर्देशन में एनडी हॉबी सेंटर की मैनेजिंग डायरेक्टर निर्मला जैन ने छात्राओं को फ्रूट क्रीम व नारियल के लड्डू बनाना सिखाया। महाविद्यालय की लगभग 80 छात्राओं ने इस कार्यशाला में पाक कला संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रो. अजीत कुमार, डॉ. अनीता विबयान, प्रो. ईशा चौधरी, प्रो. परमानंद, प्रो. आशा, प्रो. दीपक, प्रो. धर्मपाल, प्रो. सरोज उपस्थित रहे। संवाद

# पाककला-कार्यशाला के दूसरे दिन छात्राओं को सैंडविच व पेठा लड्डू बनाने सिखाए

**भिवानी ! चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात



दिवसीय पाककला-कार्यशाला के दूसरे दिन प्राचार्य डा. सुधीर कुमार की अध्यक्षता म व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो0 अनीता शर्मा के निर्देशन में ,एन.डी. हॉवी सेंटर की मैनेजिंग डायरक्टर निर्मला जैन ने छात्राओं को सैंडविच व पेठा लड्डू बनाने सिखाए। मिडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने वताया कि इस अवसर पर प्रो0 अनीता विवयान, प्रो0 ईशा चौधरी, प्रो0 रेखा शर्मा, प्रो0 आशा. प्रो0 समन, प्रो0 धर्मपाल, प्रो0 सरोज आदि उपस्थित थे।

22/2/22